मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-110
02/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में सहरसा जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 02 फरवरी 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में सहरसा जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। इस समीक्षात्मक बैठक में सहरसा जिले के सांसद, विधायकगण, विधान पार्षद तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में जिलाधिकारी सहरसा श्री आनंद शर्मा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जानेवाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग व अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर घर नल जल योजना के तहत कराये गये कामों को मेंटेन रखें। नये बसावट के लोगों को भी यह सुविधा उपलब्ध करायें। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ छात्रों को समय पर मिले। इंजीनियरिंग कॉलेजों में छात्रों के आवासन की सुविधा उपलब्ध हो इसका प्रबंध सुनिश्चित करें। छात्रावास निर्माण में यदि जमीन संबंधित समस्या उत्पन्न होती है तो वैसी स्थिति में मल्टी स्टोरी छात्रावास भवन का निर्माण करायें। उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान ससमय करायें। किसानों के साथ गड़बड़ करनेवाले सरकारी अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

जिलाधिकारी सहरसा श्री आनंद शर्मा ने मुख्यमंत्री को पौधा, पाग एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, मंत्री ऊर्जा सह योजना एवं विकास श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, शिक्षा मंत्री श्री चंद्र शेखर, पंचायती राज मंत्री सह सहरसा जिले के प्रभारी मंत्री श्री मुरारी प्रसाद गौतम, सांसद श्री दिनेश चंद्र यादव, विधायक श्री गुंजेश्वर साह, विधायक श्री रत्नेश सदा, विधायक श्री यूसुफ सलाहउद्दीन, विधान पार्षद श्री अजय कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्ठी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आयुक्त कोशी प्रमंडल श्री मनोज कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक कोशी प्रक्षेत्र श्री शिवदीप लांडे, जिलाधिकारी सहरसा श्री आनंद शर्मा, पुलिस अधीक्षक सहरसा श्रीमती लिपि सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******